जन्माष्टमी रूपनाथ में कृष्ण जन्मोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रूपनाथ धाम तक निकाली शोभायात्रा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

नवभारत, बहोरीबंद/बाकल। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के मुख्य मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। भक्तजन भगवान की एक झलक पाने और उनकी पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिरों में उमड़ते रहे। भगवान श्री कृष्ण के जीवन लीलाओं का मंचन किया गया और भजनों की धुन पर श्रद्धालू भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। जन्माष्टमी के अवसर पर बहोरीबंद के रूपनाथ धाम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में समिति महेंद्र सैनी, राजेश कुमार रजक, कृष्ण दत्त मिश्रा की भूमिका रही। प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में पड़रिया की टीम विजेता रही। जिसे नगद 18 हजार रूपए और कप प्रदान किया गया। जबकि पिपरिया पौड़ी की टीम उपविजेता रही। जिसे भी नगद राशि और कप देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में बहोरीबंद के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। पूरा रूपनाथ धाम वृंदावन जैसे नजर आ रहा था हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी बहोरीबंद सुरेंद्र शर्मा, लालकमल बंसल, नरेंद्र सैनी, राकेश पटेल, प्रकाश गुप्ता, नरेंद्र पौराणिक, अजय गर्ग, रामनरेश यादव,रामकृपाल यादव, प्रवीण यादव, अजीत महोबिया, पुष्पराज ठाकुर, सुनील सैनी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर यादव सामाजिक विकास मंच, रूपनाथ धाम बहोरीबंद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया।

सुबह शारदा माता मंदिर बहोरीबंद से रूपनाथ धाम तक विशाल वाहन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित झांकियों आकर्षण केन्द्र रहीं। झांकिया में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप, माखनचोरी और रासलीला की झलक देखने को मिली।

बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के रूपनाथ धाम पहुंचने के बाद भिंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर यादव सामाजिक विकास मंच के रामनरेश यादव, विपिन यादव, राजकुमार यादव, रामपाल यादव, हेमराज यादव, कृष्ण यादव, विनोद यादव, कमलेश यादव, सुनील यादव, गोविंद यादव, राहुल यादव, सचिन यादव, रामरतन यादव, आकाश यादव, रमाकांत यादव सहित अन्य की उपस्थिति रही।

झाड़-फूंक के चक्कर युवक की मौत

नवभारत कटनी। रीठी थाना अंतर्गत बूढ़ा देवगांव में पारधी समुदाय के युवक की जहरीले जीव-जन्तू के काटने से युवक की मौत हो गई। युवक की मौत वजह इलाज में देरी को माना जा रहा है, युवक को तत्काल इलाज की बजाय उसकी झाड़-फूंक कराई जा रही थी। गोल्डन टाइम में इलाज नहीं मिलने से मौत की चर्चा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि रीठी थाना क्षेत्र के बूंढ़ा देवगांव निवासी मख्तर पारधी (25) शनिवार-रविवार दरम्यानी रात जहरीले जीव-जन्तू ने काट लिया था। जिसके बाद उसे इला के लिए अस्पताल में भर्ती कराने की बजाय परिजनों ने बरही के पिपरिया गांव में झाड़-फूंक के लिए ओझा के पास ले गए। काफी देर तक चली झाड़-फूंक से युवक की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरो ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एक नजर में

युवाओं को मिलेगा विश्व मंच पर हुनर दिखाने का मौका

नवभारत, कटनी। मध्य प्रदेश के युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए मध्य प्रदेश कौशल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रदेश के प्रतिभावान युवाओं को जिला, संभाग और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से 63 अलग-अलग प्रकार के कौशलों में प्रतियोगी हिस्सा ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा आयोजित होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता का एक हिस्सा है, जिसे अक्सर कौशल का ओलंपिक भी कहा जाता है। विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 में ल्योन, फ्रांस में हुई थी और अगली प्रतियोगिता सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में आयोजित होगी। मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास और रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद, चयनित प्रतिभागियों को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंडिया द्वारा आयोजित स्किल्स प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई भी शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 16 से 22 वर्ष तथा कुछ विशेष कौशलों के लिए 25 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल पर जाकर अपना नि:शुल्क पंजीयन कर सकते हैं।

जिले में अब तक दर्ज की गई 834 मिलीमीटर औसत बारिश

नवभारत, कटनी। जिले में इस वर्ष 1 जून से शनिवार 16 अगस्त तक 834.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 892 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि रीठी में 1102.1 मिलीमीटर, बड़वारा में 788 मिलीमीटर, बरही में 727 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ में 739.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में 738.7 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 936.4 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा तहसील में 749 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, सांस्कृतिक और देश भक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

▶ जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम

नवभारत कटनी। देश की स्वतंत्रता का पर्व 15 अगस्त को जिले भर में हर्षोल्लास, धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित किया गया। गरिमामय समारोह में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के बाद कलेक्टर ने खुली सफेद जिप्सी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। यहां पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए पुलिस लाइन मैदान में बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए गए थे। सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किए गए और पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। कलेक्टर ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे गगन में मुक्त किए। समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा आकर्षक और शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडर प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक और सेकेण्ड इन कमांडर अंजू लकड़ा के नेतृत्व में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष और जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी, शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनसीसी गर्ल्स वार्डस्ले स्कूल गाइड, वार्डस्ले स्कूल स्काउट, सीएम राइज स्कूल के स्काउट, गाइड सहित पुलिस बैंड दल, शौर्या दल की प्लाटून शामिल थीं। समारोह स्थल में प्रदर्शित किए गए परेड के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर परेड ग्रुप ए में जिला पुलिस बल को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल 18वीं बटालियन और जिला पुलिस बल महिला को संयुक्त रूप से द्वितीय और नगर सेना कटनी होमगार्ड को तृतीय स्थान मिला। वहीं परेड ग्रुप बी में शासकीय कन्या महाविद्यालय एनसीसी को प्रथम, वार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल गाइड को द्वितीय और वार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल स्काउट को तृतीय स्थान मिला। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों और लोकतंत्र सेनानियों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों की कुशलक्षेम जानी।

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले और शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के कार्यक्रम के समापन के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने झिंझरी स्थित अमर शहीदों के शौर्य स्मारक में पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों के बलिदान का पुण्य स्मरण किया और कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने यहां अशोक का पौधा लगाया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पीताम्बर टोपनानी, रामरतन पायल सहित पार्षद और काफी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

महापौर ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने आन बान और शान के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, निगमायुक्त नीलेश दुबे, पार्षद शकुन्तला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना यादव, रेखा संजय तिवारी, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद, रचना गुप्ता, विजय डब्बू रजक, उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। ध्वजारोहण के बाद सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया जाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत माता की जय सहित देशभक्ति के नारे लगाए गए। महापौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से हमें यह आज़ादी मिली है, इसलिए हमारा दायित्व है कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने स्वच्छता अभियान में नागरिकों की सहभागिता पर बल दिया और कहा कि सभी मिलकर कटनी को प्रदेश में स्वच्छ नगर के रूप में पहचान दिलाएं। वहीं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने इस वर्ष को नगर निगम के लिए उपलब्धि भरा बताते हुए अधिकारी और कर्मचारियों को इसी तरह ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पारसनाथ प्रजापति द्वारा किया गया।

जैन नर्सरी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

राष्ट्रीय पर्व स्वंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में वियालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के डारेक्टर प्रकाशचंद जैन प्राचार्य, श्रीमति वर्षा जैन, मुख्य अतिथि एपी चतुर्वेदी आरके त्रिपाठी, आप पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, बीके मिश्रा, राजेश प्यासी द्वारा मां सरस्वती का पूजन-अर्चन और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि और डायरेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

विद्यालय परिसर भारत माता के जयघोष से गुजांयमान हो गया। बच्चों द्वारा राष्ट्रगान, स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर इस महापर्व को यादगार बनाने का प्रयास किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़ कर एक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या और उप प्राचार्य परम जैन शिक्षक सीमा सोनी, सुनीता मिश्रा, स्वाती नामदेव, वर्षा गर्ग, अंकिता, मैडम, बसंत गुप्ता, सोनम सोनी, प्रिया सेन सहित अन्य की उपस्थिति रही।

संस्कार माउंट स्कूल में आयोजन, निकाली रैली

बाकल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्कार माउंट पब्लिक स्कूल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने अमर शहीदों के सम्मान में रैली निकालकर देशभक्ति के नारे लगाए। इसके बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तेलचित्र की पूजा-अर्चना और पुष्पार्पण से हुई। इस अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं, उपस्थित सभी पालकों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अंत में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मझगवा के सरपंच, पालकगण और नगर के सम्मानित नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

उपयंत्री को कलेक्टर ने किया सम्मानित

उमरियापान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस ग्राउंड झिंझरी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने मंच से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के उपयंत्री मनीष हल्दकार को जल संवर्धन के कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उमरियापान में सरपंच ने फहराया तिरंगा

उमरियापान में स्वतंत्रता दिवस की 79 वर्षगांठ उमरियापान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत प्रांगण में सरपंच अटल ब्यौहार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय तिरंगे झंडे को सलामी दी। जिसके बाद पंचायत प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने उमरियापान नगरवासियों को सौगात देते हुए बोदा नाला में पुलिया निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही ग्राम पंचायत प्रांगण में नवनिर्मित ओपन जिम का जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, सरपंच अटल ब्यौहार, गोविंद प्रताप सिंह ने रेबिन काटकर ओपन जिम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्यजनों नागरिकों अपने विचार व्यक्त किए। सरपंच अटल ब्यौहार ने देश के वीर सपूतों नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सरपंच अटल ब्यौहार ने ग्रामवासियों से कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए, साथ ही ग्राम के विकास में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर दौरान सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, राजेश चौरसिया, संतोष दुबे, राजेश ब्यौहार, गोविंद प्रताप सिंह, पारस पटेल, प्रमोद असाटी, जयपाल सिंह, जयप्रकाश चौरसिया, दिनेश असाटी, अंकित झारिया, राकेश यादव, जनपद सदस्य शैलेंद्र पौराणिक, उपसरपंच जागेश्वर प्रसाद सोनी, सुखदेव चौरसिया, मौजीलाल पौराणिक, संतोष पौराणिक, अश्वनी शुक्ला,पंच जगमोहन चौरसिया, गोरे चौरसिया ,संजू चौरसिया, सुनील चौरसिया, शिल्लू बर्मन,मन्नू चौरसिया, मुकेश बर्मन, सूरज कोल, रामनाथ कोल, सतीश चौरसिया, आदित्य ब्यौहार, सचिव रमेश झारिया, रोजगार सहायक अतुल चौरसिया संहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश चौरसिया ने किया। उमरियापान पंचायत में जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे की उपस्थिति और विकास कार्यों की घोषणाओं ने ग्रामवासियों में नए उत्साह का संचार किया है।

जन शिक्षण संस्थान में हुआ कार्यक्रम

जन शिक्षा संस्थान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम संपन्न किया गया संस्थान में ध्वजारोहण राजा रोहन जन शिक्षण संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती लाली सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम अपनी स्वतंत्रता हासिल किए 78 वर्ष बीत गए हैं। आज हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। हमें अपने देश को आजाद करने में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों को हम सलाम करते हैं कि उनके प्रयासों से हमारा देश अंग्रेजों के जाल से छूट गया। स्वतंत्रता दिवस एक दिवस नहीं, बल्कि हमारी एक जिम्मेदारी है कि हमें अपने देश को आजाद करने वाले जिन वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है उसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। ध्वजारोहण के बाद सभी ने राष्ट्रीय गान गाया। जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थी स्टाफ और अनुदेशक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अखंड ज्योति विसर्जन के साथ किया गया भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव का समापन

शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत, भजन-कीर्तन और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत, कटनी। झूलेलाल चालीहा समिति द्वारा नगर में मनाए जा रहे झूलेलाल चालीहा महोत्सव का समापन रविवार को कटनी नदी के मसुरहाघाट पर किया गया। इसके पहले प्रारंभ में गुरुनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर से भगवान श्री झूलेलाल जी की अखंड ज्योति और कलश शोभा यात्रा निकाली गई। समाज सेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि भव्य शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर जंगल दफ्तर, हीरागंज, सिंधु भवन, सिंधी स्कूल, वरुण भवन, आदर्श कॉलोनी से होते हुए मसुरहा घाट कटनी नदी में जहां विधि विधान के साथ अखंड ज्योति का विसर्जन किया गया।

इस शोभा यात्रा का स्वागत रोहरा परिवार, सिंधु नौजवान मण्डल, धर्मलोक हॉस्पिटल, जगह-जगह किया गया। मसुरहा घाट में सुबह 11 बजे से झूलेलाल चालिहा सम्मति व झूलेलाल सेवा सम्मति द्वारा भजन संगीत चित्रांश केसवानी द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद दोपहर 1 बजे गुरु प्रसाद, आम भंडारे का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर त्रिलोक चंद भोजवानी, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंदू लाल जादवानी, महेश बहलानी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, हरीश बहलानी, सुरेश गांधी, पूर्व पंचायत अध्यक्ष मोहन बत्रा, विधायक संदीप जायसवाल, रामरतन पायल, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, राजकुमार नानकानी, मोहन बजाज मन्नू भैया, शांति नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक चेलानी, गोविंद सचदेवा, राजकुमार माखीजा, समाजसेवी पंकज आहूजा, माधव नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र तीर्थानी, समाज सेवी पीताम्बर टोपनानी, पार्षद अवकाश जयसवाल, पार्षद बिट्टू अहमद, पार्षद गोविंद चावला, हीरा सहजवानी, मेंघराज खूबचंदानी, हरीश पंजवानी एलजी ,अशोक बेसानी, अशोक बजाज, भेजु भाई जैसवानी , मनोहर उधवानी, सुरेश रोचलानी, चेतन हिंदुजा, राजकुमार तनवानी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजू शर्मा, प्रेम बत्रा, राजेश आहूजा, मोनी जैसवानी, संजय खूबचंदानी, राजेश खूबचंदानी, साजन बजाज, सुशील जसूजा, रुपेश खूबचंदानी, अमर पुरूसवानी, गुलाब आहूजा, गौतम गलानी, गोप मोटवानी, प्रेम जसूजा ,शंकर लाल आहूजा, मदन सेवलानी, अजीत केसवानी, शांति नगर झूलेलाल नवयुवक मंडल के सभी सदस्य, सामाजिक संस्थाओं में वरुण संस्था, सिंधु नौजवान मण्डल, सुपर ग्रुप सिंधी भावरन ग्रुप, सुहिंणा सिन्धी ग्रुप और नगर के कई जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करें।

Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111